# इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड की वर्ष 2017-18 की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा की समीक्षा

## पृष्ठभूमि

रेलवे स्टेशनों, रेल गाड़ियों और अन्य स्थानों पर खानपान और अतिथि सत्कार सेवाओं को बेहतर बनाने, उन्हें पेशेवर आयाम देने तथा उनका प्रबंधन करने तथा किफायती होटलों के विकास, विशेष टुअर पैकेजों, सूचना एवं वाणिज्यिक प्रचार और वैश्विक आरक्षण प्रणाली के ज़रिए देश के घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु भारतीय रेल के एक विस्तारित अंग के रूप में 27 सितम्बर 1999 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) की स्थापना की गई थी। कम्पनी की अधिकृत शेयर पूंजी 50 करोड़ और प्रदत्त शेयर पूंजी 40 करोड़ रूपए है जो पूरी तरह से रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई है।

## वित्तीय निष्पादन की विशेषताएं

वर्ष 2017-18 के दौरन कम्पनी को कुल 1,549.40 करोड़ रूपए की आय हुई, जबकि पिछले वर्ष 1598.71 करोड़ रूपए थी। कम्पनी का वर्ष 2017-18 के दौरान कर-पूर्व लाभ 341.48 करोड़ रूपए था, जबकि वर्ष 2016-17 में यह 331.45 करोड़ रूपए था और वर्ष 2017-18 में करोपरांत लाभ 222.02 करोड़ रू. था जबकि 2016-17 में 214.69 करोड़ था।

निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिए अंतिम लाभांश 106.89 करोड़ रू (लाभांश वितरण कर सहित) की सिफारिश की है जबकि पिछले वर्ष यह 101.92 करोड़ रूपए भुगतान किया गया था।

पिछले पांच वर्षों की वित्तीय विशेषताएं निम्नलिखित है

**(रू. करोड़ में)**

| क्र.सं. | वितरण | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 | 2017-18 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 954.70 | 1,141.21 | 1,523.41 | 1598.71 | 1549.40 |
| 2 | कुल व्यय | 810.52 | 906.76 | 1,193.58 | 1242.31 | 1181.35 |
| 3 | शुद्ध मार्जिन | 144.18 | 234.45 | 329.82 | 356.40 | 368.05 |
| 4 | कर पूर्व लाभ | 127.41 | 214.03 | 306.79 | 331.45 | 341.48 |
| 5 | कर के लिए प्रावधान | 55.40 | 83.40 | 109.49 | 116.76 | 119.46 |
| 6 | करोपरांत लाभ | 72.01 | 130.63 | 197.30 | 214.69 | 222.02 |
| 7. | लाभांश | 14.40 | 26.13 | 75.45 | 84.68 | 88.81 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | शुद्ध मूल्य | 346.92 | 444.25 | 700.57 | 778.34 | 947.71 |
| 9. | कर्मचारियों की संख्या | 1672 | 1511 | 1483 | 1494 | 1464 |
| 10. | **अनुपात** | | | | | |
| (i) | कुल खर्च/कुल आय | 84.90% | 79.46% | 78.35% | 77.71% | 76.25% |

कम्पनी का क्षेत्रवार परिचालिनिक निष्पादन का विवरण नीचे दिया गया है:-

1. खानपान एवं आतिथ्य-सत्कार
2. यात्रा एवं पर्यटन
3. इंटरनेट टिकटिंग
4. बोतलबंद पीने का पानी (रेल नीर)

**खानपान एवं आतिथ्य-सत्कार**

**वर्ष के दौरान आईआरसीटीसी** 335 **चल यूनिटों जिसमें एक – एक तेजस एवं गतिमान**, 17 **राजधानी**, 24 **शताब्दी**, 19 **दूरंतों**, 12 **हमसफर**, 15 **जनशताब्दी एवं** 246 **मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रबंधन कर रही है। आईआरसीटीसी** 247 **स्थैतिक यूनिटों जिनमें** 167 **अल्पाहार कक्ष**, 53 **जनआहार और** 27 **सेल किचनों का प्रबंधन कर रही है।**

**वर्ष के दौरान** 16 **किचन इकाइयां**, (अल्पहार कक्षों, सेल किचनों और बेस **किचनों) को** टिलटिंग **बॉइलिंग केतली,** टिल्टिंग ब्रेजिंग **पैन,** सब्जी प्रोसेसर और चपाती बनाने की मशीनों की स्थापना **करके उन्नयन किया गया है।**

ई-खानपान का विस्तार हो रहा है और लगभग 250 स्टेशनों पर इसे पहले ही शुरू किया जा चुका है। ई-खानपान के अन्तर्गत वित्त वर्ष 18 के दौरान औसतन दैनिक बुकिंग 5188 भोजन थी ।

आईआरसीटीसी के द्वारा विशाखापट्टनम, नई दिल्ली, विजयवाड़ा, आगरा कैण्ट एवं जयपुर में 05 एक्ज़िक्यूटिव लाऊंज शुरू किए गए हैं। कम्पनी इस समय दो रेल यात्री निवासों (नई दिल्ली, हावडा) और दो बजट होटलों (पुरी, रांची) को परिचालित कर रही है।

**यात्रा एवं पर्यटन**

आईआरसीटीसी बाजार में अग्रणी यात्रा और पर्यटन कंपनियों में से एक बन गई है। आईआरसीटीसी के विभिन्न पर्यटन व्यवसाय क्षेत्रों में लक्जरी गाड़ी टूर महाराजा एक्सप्रेस, बुद्धिस्ट सर्किट विशेष गाड़ी, भारत दर्शन विशेष पर्यटक गाड़ी, रेल टूर पैकेज, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू एयर पैकेज, लैंड टूर पैकेज, होटल बुकिंग, काररेंटल और एलटीसी टूर और इवेन्ट प्रबंधन शामिल हैं। आईआरसीटीसी ने मार्च 2007 में अपने पर्यटन

पोर्टल www.irctctourism.com को ग्राहकों को सम्पूर्ण ऑनलाइन यात्रा समाधान पेश करने के लिए लॉंच किया है।

आईआरसीटीसी के यात्रा और पर्यटन व्यापार से आय वर्ष 2016-17 के 528.67 करोड़ रुपये की तुलना में 23.10 प्रतिशत घटकर 2017-18 में 406.54 करोड़ रू. रही। जो कि राज्य विशेष पर्यटक गाड़ियों से कम राजस्व के कारण रहा।

**इंटरनेट टिकटिंग**

ई-टिकटिंग अब भारतीय रेलवे पर आरक्षित टिकटों के 65.83% ऑनलाइन बुक किए जा रहे हैं, 2017-18 के दौरान आईआरसीटीसी की बेवसाइट के माध्यम से औसतन प्रतिदिन 6.75 लाख से अधिक टिकट बेचे गए। यह साइट 23.45 बजे से 00.20 बजे तक 35 मिनट के अलावा चौबीस घंटे टिकटों की बुकिंग करती है।

| वर्ष | 2016-17 | 2017-18 |
|---|---|---|
| **बुक की गई ई-टिकटों की संख्या (लाख में)** | 2092.95 | 2466.47 |
| **ई-टिकट में बुक किए गए यात्रियों की संख्या (लाख में)** | 3730.87 | 4340 |
| **ई-टिकटिंग से प्राप्त राजस्व (करोड़ में)** | 24485.21 | 28475.48 |

**वर्ष के दौरान ई-टिकटिंग क्षेत्र में निम्न विशेषताएं रहीः-**

- यूपीआई/बीएचआईएम भुगतान विकल्प उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराया गया।
- एक महीने में 12 टिकटों की अनुमति देने के लिए उपयोगकर्ता आईडी से आधार लिंक किया गया है।
- कैब बुकिंग सुविधा प्रदान की गई।
- अन्तर्राष्ट्रीय उपयोगकर्ता, विदेशी पर्यटक कोटा के अन्तर्गत ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं।

बोतलबंद पीने का पानी (रेल नीर):

इस समय आईआरसीटीसी **के** 7 संयंत्र चल रहे हैं जो कि **दिल्ली**, **पटना**, **पालूर**, **अम्बरनाथ**, **अमेठी**, **पारासल्ला और** बिलासपुर में हैं, जिनमें से अमेठी और पारासल्ला पीपीपी योजना के तहत चल रहे हैं।

नांगलोई, दानापुर, पालूर, अम्बरनाथ, अमेठी, पारासल्ला एवं बिलासपुर स्थित संयंत्रों का कुल उत्पादन पिछले वर्ष **के 18.70** करोड़ बोतल की तुलना **में 20.20** करोड़ बोतल **रहा।** 31 **मार्च** 2018 में सभी संयंत्रों की क्षम**ता उपयोगिता** 82 **प्रतिशत** थी।

***********************